2024/124

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गिर्वा, जिला–उदयपुर
## पीठासीन अधिकारी अवुला सांई कृष्ण, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या 59/2024 प्रा.पत्र GCMS No. 2024/124

दुल्हेराम मीणा पिता रामस्वरूप जी मीणा, उम्र वयस्क, निवासी 17, दुर्गा विहार, मालवीय नगर, सेक्टर नम्बर 3 जयपुर (राज.)

प्रार्थी

बनाम

1. एलासी पुत्री पुना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
2. गंगा पुत्री वरदा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
3. दोलकी पुत्री वरदा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
4. धनजी पिता दीता जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
5. धर्मी पुत्री पुना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
6. धुला पिता दीता जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
7. नानीया पिता पुना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
8. बदा पिता वरदा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
9. मु. वेतली पत्नी दीता जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
10. रूपली पुत्री पुना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
11. रामा पिता वरदा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
12. लक्ष्मण पिता वरदा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
13. शंकर पिता दीता जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
14. सुरेश पिता पुना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
15. मांगीलाल पिता स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
16. मोगी पुत्री स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
17. मोवनी पुत्री स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
18. रमेश पुत्र स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
19. लक्ष्मी पुत्री स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर

2024 / 124

20. श्रीमती लाडुडी पत्नी स्व. फकीरा जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
21. अशोक कुमार गमेती पिता पृथ्वीराज जी गमेती, उम्र वयस्क, निवासी गॉव कमली, पोस्ट नाई तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
22. श्रीमती थावरी पत्नी धनजी उर्फ धनराज जी भील, उम्र वयस्क निवासी निचला फला, पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
23. नारायण पिता धनजी उर्फ धनराज जी भील, उम्र वयस्क निवासी निचला फला, पई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
24. परथा पिता दौला जी गमेती, उम्र वयस्क, निवासी गांव कमली पोस्ट नाई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
25. बाबुलाल गमेती पिता हमामीलाल जी गमेती, उम्र वयस्क, निवासी गांव नोहरा, पोस्ट नाई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
26. भगवान पिता धनजी उर्फ धनराज जी भील, उम्र वयस्क, निवासी निचला फला, पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
27. मांगीलाल गमेती पिता हीरालाल जी गमेती, जाति भील, उम्र वयस्क, निवासी झाड़ोल रोड़, गांव नोरा, पोस्ट नाई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
28. लक्ष्मण पिता धनजी उर्फ धनराज जी भील, उम्र वयस्क, निवासी निचला फला, पई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
29. शिवलाल पिता धनजी उर्फ धनराज जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
30. कमली पुत्री नाना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
31. केसा पिता नाना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
32. थावरा पिता नानाजी भील उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
33. रूपा पिता नाना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
34. रमेशलाल गमेती पिता हीरालाल जी गमेती, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
35. रोशन पिता नाना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा जिला उदयपुर (राज.)
36. लाला पुत्र मंगला जी भील, नाबालिग बबिलायत माता श्रीमती चम्पा पत्नी मंगला जी भील, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
37. श्रीमती वरदी पत्नी बाबुलाल जी भील, उम्र वयस्क, निवासी नोहरा तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
38. श्रीमती हुडली पत्नी स्व. नाना जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
39. हीरा पिता नाना जी भील उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
40. फातिया पिता लालु जी भील, उम्र वयस्क, निवासी पई, तहसील गिर्वा, जिला उदयपुर (राज.)
41. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार, गिर्वा जिला उदयपुर

.............विपक्षीगण

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर
प्रकरण संख्या 59/2024 प्रा.पत्र
अनवान दुल्हेराम बनाम एलासी
निर्णय प्रा.पत्र 251ए रा.का. अधि.

2024/124

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

उपस्थित :–

1. श्री हनुमान प्रसाद शर्मा
2. पैरोकार सरकार कल्पित जैन

## निर्णय

दिनांक : 20.01.2026

प्रकरण संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का प्रस्तुत कर अंकित किया कि प्रार्थी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके राजस्व ग्राम पई पटवार हल्का पई तहसील बारापाल की आराजी संख्या 2444, 2445, 2466 किता 3 रकबा 2.4050 हैक्टेयर भूमि पर प्रार्थी का कब्जा होकर उपयोग उपभोग कर रहा है। प्रार्थी की उक्त खातेदारी की आराजी में आने जाने का कोई रास्ता नहीं, होकर इस आराजीयात के पास में स्थित विपक्षीगण 1 से 40 की आराजी संख्या 2465, 6839/2458, 2462/1, 2462, 2459, 2458 जो कि मुख्य सड़क के मध्य स्थित है और विपक्षीगण की उक्त आराजीयात में से होकर आने–जाने का एक मात्र रास्ता जो कि वर्तमान में कच्चा बना हुआ है जिस रास्ते का उपयोग उपभोग प्रार्थी वर्षो से खेती के संसाधन एवं ट्रेक्टर आदि ले जाने के लिए कर रहा है। इसके अलावा प्रार्थी के पास अपने खातेदारी की भूमि में आने जाने का कोई रास्ता नहीं है। विपक्षीगण इस रास्ते को बन्द करने पर आमादा है।

अतः विपक्षीगण की उक्त आराजीयात में से 30 फीट चौड़ा रास्ता निर्धारित कर दिलाया जावे कि जिसमें लगने वाली राशि का डी.एल.सी. दर से भुगतान विपक्षीगण को उनके हिस्से अनुसार दिलाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगण को जरिये सम्मन सूचित किया गया। विपक्षी संख्या 6, 7, 8, 12, 13, 14, 15, 18, 23, 40 की तरफ से अधिवक्ता श्री मनोहर सिंह टांक द्वारा तथा विपक्षी संख्या 30, 31, 32, 33, 35, 38, 39 की तरफ से वकालतनामा अधिवक्ता देवदर्शन देवपुरा द्वारा प्रस्तुत किए गए। विपक्षीगण को जवाब हेतु समूचित अवसर दिए जाने के बावजूद जवाब प्रस्तुत नहीं किए जाने से जवाब अवसर बंद किए गए। प्रकरण रास्ते का होने से तहसीलदार से रास्ते के सम्बध में रिपोर्ट चाही गई। तहसीलदार बारापाल द्वारा पत्र क्रमांक 677 दिनांक 27.08.2024 से रिपोर्ट प्रस्तुत कर अंकित किया कि :–

1. यह कि पटवारी हल्का की रिपोर्ट अनुसार पटवार मण्डल पई के राजस्व ग्राम पई में प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में वर्णित खसरा संख्या 2444, 2445, 2446 रकबा क्रमशः 1.3000, 0.3550, 0.7500 हैक्टैयर किस्म क्रमशः मगरी

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर

प्रथम, रांकड़, मगरी प्रथम कुल किता 03 रकबा 2.4050 हैक्टेयर प्रार्थी स्व. दुल्हेराम मीणा पुत्र रामस्वरूप मीणा के नाम दर्ज है।

2. पटवारी रिपोर्ट अनुसार उक्त खातेदारी कृषि भूमि पर प्रार्थी के आने जाने हेतु एकमात्र रास्ता है जो रास्ता राजस्व रेकार्ड में किस्म रास्ता दर्ज नहीं होकर अन्य खातेदारों के नाम दर्ज रेकार्ड है।

3. यह कि प्रार्थना पत्र में वर्णित प्रतिवादीगण के खसरा संख्या 2465, 6839/2458, 2462/1, 2462, 2458, 2459 रकबा क्रमशः चाही द्वितीय, रांकड़, मगरी प्रथम, मगरी प्रथम, रांकड़ मगरी द्वितीय में बने रास्ते से वादीगण द्वारा अपनी खातेदारी जमीन तक आवागमन किया जा रहा है। उक्त खातेदारी कृषि भूमि में से नियमानुसार वादीगण को 30 फीट रास्ता उपलब्ध करवाया जाता है तो वादीगण द्वारा नियमानुसार राजकीय शुल्क जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

4. (अ) रिपोर्ट पटवारी हल्का अनुसार मौके पर बने कच्चे रास्ते अनुसार आराजी नम्बर 2458 मी. रकबा 0.6000 है, किस्म रांकड़ जो राजस्व रेकार्ड में फतिया पु. लालु जाति भील सा. देह के नाम दर्ज है जिसमें से 0.0660 हैक्टैयर अर्थात 660 वर्गमीटर रास्ता गुजरता है जिसकी लम्बाई 60 मीटर है।

(ब) आराजी नम्बर 2459 रकबा 1.6900 है. किस्म मगरी द्वितीय जो राजस्व रेकॉर्ड में कमली पुत्र नाना 1/14 जाति-भील वगैरह के नाम से दर्ज है उक्त आराजी से 0.0530 है. अर्थात 530 वर्गमीटर रास्ता गुजरता है जिसकी लम्बाई 50 मीटर है।

(स) आराजी नम्बर 2462 रकबा 2.4000 है. किस्म मगरी प्रथम जो राजस्व रेकार्ड में अशोक कुमार गमेती पुत्र पृथ्वीराज जी हिस्सा 63/400 जाति भील मकान संख्या 00 कॉलोनी कमली स्थान नई शहर उदयपुर पिन कोड 313031 वगैरह के नाम से दर्ज है उक्त आराजी में से 0.1100 है. अर्थात 1100 वर्गमीटर रास्ता गुजरता है जिसकी लम्बाई 120 मीटर है।

(द) आराजी संख्या 2462/1 रकबा 1.3500 हैक्टेयर किस्म मगरी प्रथम जो राजस्व रिकॉर्ड में अशोक कुमार गमेती पुत्र पृथ्वीराज गमेती हिस्सा 1/100 जाति भील वगैरह के नाम दर्ज रेकार्ड है उक्त आराजी नम्बर में से 0.1190 है. अर्थात 1190 वर्गमीटर रास्ता गुजरता है जिसकी लम्बाई 132 मीटर है।

(य) आराजी नम्बर 2465 रकबा 0.6400 है. किस्म चाही द्वितीय जो राजस्व रिकार्ड में एलासी पुत्री पुना हि. 1/50 जाति भील वगैरह के नाम से दर्ज है उक्त नम्बर में से 0.0550 हैक्टेयर अर्थात 550 वर्गमीटर रकबा से रास्ता गुजरता है जिसकी लम्बाई 50 मीटर है।

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर

2024/124

(र) आराजी नम्बर 6839/2458 रकबा 0.6500 है. किस्म रांकड़ जो राजस्व रिकार्ड में मांगीलाल पुत्र फकीरा हि. 1/6 जाति भील वगैरह के नाम दर्ज है। यह कि उक्त आराजी 6839/2458 में से 0.1250 है. अर्थात 1250 वर्गमीटर रकबे से रास्ता गुजरता है। जिसकी लम्बाई 130 मीटर है।

उपरोक्तानुसार प्रस्तुत रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रस्तुत रिपोर्ट नहीं होने तथा डी.एल.सी. दर के अनुसार गणना करके रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं होने से पुनः रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार बारापाल द्वारा पुनः पत्र क्रमांक 32 दिनांक 15.01.2026 से प्रस्तुत कर अंकित किया कि :-

1. यह कि वर्तमान मौका अनुसार वादग्रस्त आराजीयात के कृषि उपयोग हेतु रास्ता माँगा गया है।
2. यह कि वर्तमान मौका अनुसार वादग्रस्त आराजीयात में जाने हेतु प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं है।
3. यह कि वर्तमान मौका अनुसार वादग्रस्त आराजीयात में जाने हेतु प्रस्तावित मार्ग के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध नहीं होने के कारण रास्ता दिया जाना उचित है।
4. यह कि वर्तमान मौका अनुसार आसपास पहाडी एवं मगरीनुमा स्थलाकृति होने के कारण वादग्रस्त आराजीयात में जाने हेतु प्रस्तावित मार्ग ही लघुत्तम रास्ता है।
5. यह कि वर्तमान मौका अनुसार डी.एल.सी. गणना निम्नानुसार है।

| क्र. सं. | खातेदार का नाम | आराजी नम्बर | रास्ते हेतु रकबा | डी.एल.सी. प्रति हैक्टेयर | मूल्य गणना रूपये में | दोगुना गणना रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | फतिया पुत्र लालु जाति भील | 2458 | 0.0660 हैक्टेयर (60 मीटर) | 805000 | 53130 | 106260 |
| 2 | कमली पुत्री नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, केसा पुत्र नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, थावरा पुत्र नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, रूपा पुत्र नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, रोशन पुत्र नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, हीरा पुत्र नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, हुडली पत्नी नाना हिस्सा 1/14 जाति भील, रमेश लाल गमेती पुत्र हीरा लाल गमेती हिस्सा 41/168 जाति भील, वरदी पत्नी बाबुलाल हिस्सा 41/168 जाति भील, लाला पुत्र मंगला हिस्सा 1/84 जाति भील | 2459 | 0.0530 हैक्टेयर (50 मीटर) | 805000 | 42665 | 85330 |
| 3 | अशोक कुमार गमेती पुत्र पृथ्वीराज हिस्सा 63/400 जाति भील, बाबुलाल पुत्र 63/400 जाति भील, हंगामीलाल हिस्सा 63/400 जाति भील, थावरी पत्नी धनजी हिस्सा 137/1000 जाति भील, नारायण पुत्र धनजी हिस्सा 137/1000 जाति भील, भगवान पुत्र धनजी हिस्सा 137/1000 जाति भील, लक्ष्मण पुत्र धनजी | 2462 | 0.1100 हैक्टेयर (120 मीटर) | 805000 | 88550 | 177100 |

उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2024/124 हिस्सा 137/1000 जाति भील, शिवलाल पुत्र धनजी हिस्सा 137/1000 जाति भील | | | | | |
| 4 | अशोक कुमार गमेती पुत्र पृथ्वीराज हिस्सा 63/400 जाति भील, बाबुलाल पुत्र हंगामीलाल हिस्सा 63/400 जाति भील, थावरी पत्नी धनजी उर्फ धनराज हिस्सा 12/125 जाति भील, नारायण पुत्र धनजी उर्फ धनराज हिस्सा 12/125 जाति भील, भगवान पुत्र धनजी उर्फ धनराज हिस्सा 12/125 जाति भील, लक्ष्मण पुत्र धनजी उर्फ धनराज हिस्सा 12/125 जाति भील, शिवलाल पुत्र धनजी उर्फ धनराज हिस्सा 12/125 जाति भील, परथा पुत्र दोला हिस्सा 1/4 जाति भील, मांगीलाल पुत्र हीरालाल गमेती हिस्सा 1/4 जाति भील | 2462/1 | 0.1190 हैक्टेयर (132 मीटर) | 805000 | 95795 | 191590 |
| 5 | एलासी पुत्री पुना हिस्सा 1/50 जाति भील, धर्मी पत्नी पुना हिस्सा 1/50 जाति भील, नानीया पुत्र पुना हिस्सा 1/50 जाति भील, रूपली पुत्री पुना हिस्सा 1/50 जाति भील, सुरेश पुत्र पुना हिस्सा 1/50 जाति भील, गंगा पुत्री वरदा हिस्सा 1/10 जाति भील, दोलकी पत्नी वरदा हिस्सा 1/10 जाति भील, बदा पुत्र वरदा हिस्सा 1/10 जाति भील, रामा पुत्र वरदा हिस्सा 1/10 जाति भील, लक्ष्मण पुत्र वरदा हिस्सा 1/10 जाति भील, धनजी पुत्र दीता हिस्सा 1/10 जाति भील, धुला पुत्र दीता हिस्सा 1/10 जाति भील, मु. वेतली पत्नी दीता हिस्सा 1/10 जाति भील, शंकर पुत्र दीता हिस्सा 1/10 जाति भील | 2465 | 0.0550 हैक्टेयर (50 मीटर) | 805000 | 44275 | 88550 |
| 6 | सुशीला पत्नी मांगीलाल हिस्सा 17/264 जाति भील, मांगीलाल पुत्र फकीरा हिस्सा 3/88 जाति भील, आनंद हीरावत पुत्र रामा हीरावत हिस्सा 211/ 264 जाति भील, मोगी पुत्री फकीरा हिस्सा 3/88 जाति भील, लक्ष्मी पुत्री फकीरा हिस्सा 3/88 जाति भील, मोवनी पुत्री फकीरा हिस्सा 3/88 जाति भील (नामान्तरण संख्या 1391 बेचान अनुसार) | 6839/2458 | 0.1250 हैक्टैयर (130 मीटर) | 805000 | 100624 | 201250 |
| | | | | | कुल | 850080 |

उपरोक्तानुसार रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा तहसीलदार बारापाल रिपोर्ट अनुसार मुआवजा राशि डी.एल.सी. दर की दुगुना से देने हेतु तैयार होने का कथन करते हुए प्रार्थना निर्णित कर रास्ते दर्ज किए जाने का आदेश दिए जाने का कथन किया गया। पैरोकार सरकार द्वारा तहसीलदार रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण निर्णित किए जाने का कथन किया गया। शेष विपक्षीगण उपस्थित नहीं हुए। जिससे उनके जवाब अवसर बंद किए गए तथा प्रार्थी अधिवक्ता की एकतरफा बहस पर मनन किया गया।

पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का गहन अध्ययन किया गया। तहसीलदार बारापाल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी की खातेदारी आराजी संख्या 2444, 2445, 2466 पर पहुंच हेतु एकमात्र रास्ता

उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर

उपखण्ड अधिकारी

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गिर्वा, उदयपुर
प्रकरण संख्या 59/2024 प्रा.पत्र
अनवान दुल्हेराम बनाम एलासी
निर्णय प्रा.पत्र 251ए रा.का. अधि.

2024/124

विपक्षीगण की खातेदारी आराजीयात 2465, 6839/2458, 2462/1, 2462, 2458, 2459 में से ही लघुतम रास्ता होने से तथा प्रार्थी नियमानुसार मुआवजा भुगतान किए जाने पर सहमत है। जिससे प्रार्थी के अपनी कृषि आराजीयात पर कृषि कार्य हेतु कृषि संसांधन लाने लेजाने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं होने से तहसीलदार बारापाल द्वारा प्रस्तावित रास्ता दिया जाना उचित प्रतित होता है।

अतः प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम का स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम पई पटवार हल्का पई तहसील बारापाल की आराजी संख्या 2444, 2445, 2466 कुल किता 3 रकबा 2.4050 हैक्टेयर पर आने जाने हेतु 30 फीट चौड़ा रास्ता विपक्षीगण की खातेदारी आराजी संख्या 2458 में से 60 मीटर रकबा 0.0660 हैक्टेयर, आराजी संख्या 2459 में से 50 मीटर रकबा 0.0530 हैक्टैयर, आराजी संख्या 2462 में से 120 मीटर रकबा 0.1100 हैक्टैयर, आराजी संख्या 2462/1 में से 132 मीटर रकबा 0.1190 हैक्टैयर, आराजी संख्या 2465 में से 50 मीटर रकबा 0.0550 हेक्टेयर तथा आराजी संख्या 6839/2458 में से 130 मीटर रकबा 0.1250 हैक्टैयर प्रस्तुत रिपोर्ट पत्रांक राजस्व/2026/32 दिनांक 15.01.2026 एवं नक्शा ट्रेस अनुसार रास्ता दिये जाने का आदेश दिया जाता है। प्रार्थी विपक्षी/खातेदार काश्तकार को रास्ते हेतु क्षैत्रफल का वर्तमान में प्रचलित डी.एल.सी. दर की दोगुनी कीमत मुआवजा राशि प्रदान करें। तहसीलदार बारापाल नियमानुसार रिपोर्ट दिनांक 15.01.2026 अनुसार मुआवजा राशि प्राप्त कर खातेदारों को दिलाने के उपरांत रास्ते को राजस्व रेकार्ड में बिलानाम रास्ता दर्ज करें एवं राजस्व रेकार्ड में भी पैमुद करने की कार्यवाही करें। तहसीलदार रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत नक्शा ट्रेस निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा।

निर्णय सरेइजलास सूनाया गया।

प्रकरण फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

(अवला साई कृष्ण)
आई.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी
गिर्वा, उदयपुर